# कार्यालय नगर पालिका परिषद जौनपुर।

## (ई–टेण्डर निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जौनपुर में जिलाधिकारी महोदय जौनपुर द्वारा दिये गये स्वीकृति के क्रम में 14वॉं वित्त से प्राप्त धनराशि से मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु ऑनलाइन निविदा **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा ई–टेण्डर आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ0प्र0 ई–प्रिक्योरमेण्ट की बेवसाइट **http://etender.up.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा के साथ 10 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/ नगद जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर के पदनाम से बन्धक हो की स्केन कापी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर 7 दिन के अन्दर नियमानुसार स्टॉम्प पेपर पर जमा करते हुये निर्धारित प्रपत्रो पर कार्य पूर्ण करने हेतु अनुबन्ध करना होगा।

सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद, जौनपुर को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **निविदा शुल्क धनराशि नगर पालिका कार्यालय के खाता संख्या– 08661010000040 ओयिन्टल बैंक ऑफ कामर्स जिसका आई0एफ0एस0 कोड ORBCO100866 है में इण्टरनेट बैंकिंग/NEFT/RTGS द्वारा जमा करना होगा प्राप्त रसीद की स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड़ करना आवश्यक होगा। उपरोक्त प्रपत्र न होने की स्थिति में ठेकेदार की निविदा को अवैध माना जायेगा। निविदा खोले जाने की तिथि को यदि अवकाश होगा तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।**

## नियम/शर्ते:-

(1):– निविदा शुल्क एव जमानत धनराशि की स्केन कापी निविदा के साथ सलग्न करना अनिवार्य होगा, एवं शासनादेश सं0:– 2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017(2) दिनांक:– 03 जनवरी 2018 पालन विभाग द्वारा पूर्ण रूप से किया जायेगा।

(2):– निविदा बजाज/फिलिप्स/क्राम्पटन/हैलोनिक/हैवेल्स कम्पनी के अधिकृत डीलरो या उ0प्र0 शासन द्वारा मान्यता प्राप्त 'क' श्रेणी के विघुत ठेकेदारो की ही स्वीकार की जायेगी तथा निविदा के साथ सम्बन्धित प्रमाण पत्र की कापी सलग्न करना अनिवार्य होगा।

(3):– निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र की कापी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(4):– श्रम विभाग में पंजीकरण के प्रमाण पत्र की प्रति सलग्न करना अनिवार्य होगा।

(5):– जी0एस0टी0 एवं0 आयकर के प्रमाण पत्र की कापी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(6):– आपूर्ति की जाने वाली एल0ई0डी0 लाइट के सम्बन्ध में शासनादेश सं0:– 227/2015/1689/नौ– 8–2015– 96 ज/2015 दिनांक:–20 नवम्बर 2015 एवं 03/16/29/नौ–8–2016–96ज2/2015 दिनांक:– 04 फरवरी 2016 एवं 120/16/2194/नौ–8–2016–96ज/2015 दिनांक:– 03 सितम्बर 2016 तथा 818/नौ–8–2018–96ज/2015 दिनांक:– 27 मार्च 2018 में दिये गये दिशा– निर्देशो का अनुपालन अनिवार्य होगा। जिसके अनुसार आपूर्ति की जाने वाली एल0ई0डी0 लाइट उच्च गुणवत्ता युक्त आई0पी0 65/66/67, एल0एम0–79 टेस्ट रिर्पोट, लाइट की रिप्लेसमेन्ट गारन्टी/ वारन्टी 05 वर्ष तथा भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा एल.ई.डी.लाईटें कम्पल्सरी रजिस्ट्रेशन स्कीम ऑफ (बी.आई.एस.) से आच्छादित की अनिवार्यता होगी, तथा जमा की गयी जमानत धनराशि में से 05 प्रतिशत जमानत धनराशि गारन्टी/वारन्टी अवधि पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।

(7):– नियमानुसार बिल से करो (आयकर व जी0एस0टी0) की कटौती की जायेगी।

(8):– निविदादाता द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(9):– निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदादाता को अपने व्यय से अनुबन्ध करना होगा।

(10):–निविदादाता द्वारा लगायी जाने वाली एल0ई0डी0 लाइट को प्रकाश विभाग के स्टोर में पहले आपूर्ति करना होगा तथा अपने व्यय से स्टोर से ले जाकर विभिन्न वार्डो में लगाने के उपरान्त सूची प्रकाश विभाग में उपलब्ध करना होगा।

(11):– सशर्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

## टेण्डर शेड्यूल ( http://etender.up.nic.in पर )

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन निविदा प्रकाशन तिथि व समय | 18.04.2018 अपरान्ह 3:00 बजे से |
| 2 | ठेकेदार/फर्म द्वारा ऑनलाइन निविदा अपलोड करने की तिथि व समय | 18.04.2018 अपरान्ह 4:00 बजे से |
| 3 | ठेकेदार/फर्म द्वारा ऑनलाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | 04.05.2018 अपरान्ह 4:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 05.05.2018 अपरान्ह 2:00 बजे |

| क्र0 सं0 | विघुत कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | जी0एस0 टी0 18 प्रतिशत | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद जौनपुर के विभिन्न वार्डो में मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु 60 वाट एल0ई0डी0 लाइट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य | 1,22,85,000.00 | 12,28,500.00 | 12285.00 | 2211.00 | 3 माह |

(अश्विनी भाष्कर)
अवर अभियन्ता (जल)
नगरपालिका परिषद,जौनपुर।

(सतीश कुमार पाण्डेय)
लेखाकार
नगर पालिका परिषद,जौनपुर।

(कृष्ण चन्द्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,जौनपुर।

माया टण्डन
(माया टण्डन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, जौनपुर।

पत्रांक:– 161-161(iv)/ नं-प्रकाश          दिनांक:– 17-04-18

प्रतिलिपि:-

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जौनपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. एन0आई0सी0 जौनपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. कम्प्यूटर विभाग नगर पालिका परिषद, जौनपुर को इस निर्देश के साथ उक्त निविदा का प्रकाशन नगर पालिका परिषद की बेवसाईट /इण्टरनेट पर प्रकाशित किये जाने हेतु।
5. पालिका कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

(कृष्ण चन्द्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, जौनपुर